43 फैसलों पर कैबिनेट की मुहर... पटना में अंडरग्राउंड बिजली

53 साल पुराना सोन नद विवाद सुलझा...1000 से अधिक नए जॉब

भास्कर न्यूज़ | पटना

53 साल पुराना सोन नद विवाद सुलझ गया। इसके पानी बंटवारे पर बिहार और झारखंड में सहमति के बाद बिहार के इंद्रपुरी जलाशय के निर्माण का रास्ता साफ हुआ। इस बारे में दोनों राज्यों के बीच एमओयू के प्रस्ताव को बिहार कैबिनेट ने मंगलवार को मंजूरी दी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में कुल 43 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई।

कैबिनेट डिपार्टमेंट के अपर मुख्य सचिव अरविंद चौधरी ने बताया कि सोन नद के पानी बंटवारे पर सहमति से रोहतास से 80 किलोमीटर दूर अगियांव में इन्द्रपुरी जलाशय निर्माण की बड़ी बाधा दूर हुई। यह जल्द बनना शुरू होगा। कैबिनेट ने नौकरी-रोजगार के लिए एक हजार से अधिक पदों के सृजन-पुनर्गठन को भी मंजूरी दी। कृषि विभाग के विभिन्न कार्यालयों में 694 पदों के पुनर्गठन, सृजन को स्वीकृति दी। मत्स्य निदेशालय के अधीन कार्यालय परिचारी संवर्ग के 200 पद स्वीकृत हुए। राजकीय पॉलिटेक्निक (बगहा) के लिए 45 शैक्षणिक एवं 61 गैर शैक्षणिक पद मंजूर हुए। जन शिक्षा निदेशालय में 9 तथा युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग में 147 पदों के सृजन को स्वीकृति मिली। इसके अलावा कैबिनेट ने पटना शहर में अंडरग्राउंड केबलिंग के जरिए घरों में बिजली आपूर्ति की परियोजना का प्रस्ताव स्वीकृत किया। इस पर 653 करोड़ रुपए खर्च होंगे। ''पेसू'' के तहत 13 प्रमंडल में यह काम होगा।

भास्कर इनसाइट

सोन नद... 1973 का समझौता अब लागू होगा

सोन नदी नहीं, नद कहलाता है। इसके जल बंटवारे को लेकर पहला बड़ा समझौता 1973 में बाणसागर परियोजना के तहत हुआ था। तब मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश और अविभाजित बिहार के बीच सहमति बनी थी। इसमें बिहार को सोन नद से 7.75 मिलियन एकड़ फीट (एमएएफ) पानी का अधिकार दिया गया था। लेकिन 2000 में बिहार के विभाजन के बाद जब झारखंड अलग राज्य बना, तब उसने

इस पानी में अपनी हिस्सेदारी की मांग शुरू कर दी। बिहार अपने पुराने अधिकार पर अड़ा रहा। यही कारण रहा कि 26 वर्षों तक यह मामला केंद्र और राज्यों के बीच बैठकों में उलझा रहा। समाधान नहीं निकला। पिछले वर्ष पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक में बिहार ने सोन नद के जल बंटवारे का मुद्दा उठाया था। बहरहाल, अब 53 साल पहले हुए समझौते का वास्तविक क्रियान्वयन होगा।

वो सबकुछ जो आपके लिए जानना जरूरी है

सोन इतनी अहम क्यों? सोन नद को दक्षिण बिहार की जीवनरेखा कहा जाता है। इसके पानी से भोजपुर, रोहतास, कैमूर, औरंगाबाद, गया, पटना और अरवल में सिंचाई होती है। किसानों के लिए सोन नद का पानी फसलों की रीढ़ है।

क्या निकला समाधान? सोन नद के कुल 7.75 एमएएफ पानी का बंटवारा होगा। बिहार को 5.00 एमएएफ पानी मिलेगा। झारखंड को 2.75 एमएएफ पानी मिलेगा। इस फार्मूले पर दोनों राज्य सैद्धांतिक रूप से सहमत हैं।

इससे क्या बदलेगा? इस सहमति/समझौते के बाद वर्षों से अटकी इंद्रपुरी जलाशय परियोजना समेत कई सिंचाई योजनाओं का रास्ता साफ होगा। बिहार को भी अपनी कृषि और सिंचाई जरूरतों के अनुरूप पानी सुनिश्चित हो सकेगा।

कुछ अहम फैसले...

पटना रिंग रोड... पटना रिंग रोड के साथ बिहटा-दानापुर एलिवेटेड कॉरिडोर के जंक्शन डेवलपमेंट बिहार सरकार ने अपने हिस्से के 142 करोड़ मंजूर किए।

कंडक्टर का लाइसेंस... 8वीं कक्षा पास व्यक्ति को कंडक्टर का लाइसेंस मिलेगा। कैबिनेट ने इसके वास्ते बिहार मोटरगाड़ी नियमावली 1992 में संशोधन को मंजूरी दी।

आनंद विवाह... कैबिनेट ने आनंद कारज रीति से विवाह निबंधन के लिए आनंद कारज विवाह निबंधन नियमावली 2025 को स्वीकृति दी।

दूसरे की आईडी से फर्जी आधार कार्ड बनाने वाला युवक गिरफ्तार

भास्कर न्यूज़ | ठाकुरगंज (किशनगंज)

दूसरे की आईडी से फर्जी आधार कार्ड बनाने वाले युवक को किशनगंज के मुंशीभीट्टा से सोमवार की रात गिरफ्तार किया गया। यह गिरफ्तारी लखनऊ से आई एटीएस की चार सदस्यीय टीम ने ठाकुरगंज पुलिस के सहयोग से की। मंगलवार को आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से ट्रांजिट रिमांड पर लेकर टीम लखनऊ ले गई। आरोपी अरमान (30) मुंशीभीट्टा का निवासी है। यहीं दुकान भी चलाता है। एसडीपीओ टू मंगलेश सिंह ने बताया कि छापेमारी के दौरान दुकान से एक लैपटाप, 13 क्लोन किए थंब, आई व थंब स्केनर, प्रिंटर, कई दस्तावेज और आधार कार्ड बरामद किए गए।

नेपाल, बंगाल, यूपी व दिल्ली तक फैला है जालः फर्जी आधार कार्ड बनाने वाले गिरोह का सीमावर्ती क्षेत्रों से पुराना कनेक्शन रहा है। बीते जून में भी जियापोखर थानाक्षेत्र में ऐसे गिरोह का भंडाफोड़ हुआ था और दो को गिरफ्तार किया गया था। इस गिरोह का कनेक्शन नेपाल, बंगाल, यूपी व दिल्ली तक फैला हुआ है। नेपाल के लोग भी भारत का आधार बना लेते हैं।

प्रयागराज माघ मेले में आग लगी, लपटें 5 किमी दूर तक दिखी; कल्पवासी सुरक्षित



प्रयागराज | प्रयागराज माघ मेले में लगे नारायण शुक्ला धाम शिविर में मंगलवार शाम आग लग गई। इससे 15 टेंट और 20 दुकानें जलकर राख हो गईं। शिविर में कल्पवास कर रहे लोग जान बचाकर भागे। एक कल्पवासी के झुलसने की सूचना है। शिविर सेक्टर 5 में है। 5 किमी दूर से ही आग की लपटें और धुआं दिख रहा था। पुलिस और संतों ने बचाव कार्य शुरू किया। दमकल की 5 गाड़ियां मौके पर पहुंची। आग रुक-रुककर आग भड़क रही थी। करीब डेढ़ घंटे की मेहनत के बाद आग बुझा ली गई। आग लगने के पीछे शार्ट सर्किट वजह बताई जा रही है। नारायण धाम शिविर में 15 टेंट थे। इनमें 50 से ज्यादा कल्पवासी थे। आग भड़कने के बाद शिविर के अंदर धुआं भरने लगा। इसके बाद अचानक हल्ला मचा और लोग बाहर की तरफ भागे। यहां तैनात पुलिस वालों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। 10 मिनट के अंदर 1-1 करके 5 फायर ब्रिगेड की गाड़ियां पहुंच गईं। नारायण धाम का मुख्य शिविर पूरी तरह से जल चुका था। सभी टेंट भी जल गए। कल्पवासियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

प्रदेश अध्यक्ष के लिए एक, राष्ट्रीय परिषद के लिए 21 नामांकन

आदित्य होंगे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, घोषणा आज

भास्कर न्यूज़ | रांची

झारखंड प्रदेश भाजपा को बुधवार को नया प्रदेश अध्यक्ष मिल जाएगा। कार्यकारी अध्यक्ष आदित्य साहू नए प्रदेश अध्यक्ष होंगे। बुधवार दोपहर दो बजे उनके नाम की आधिकारिक घोषणा की जाएगी।

इससे पहले पार्टी के संगठन पर्व के अंतिम दिन मंगलवार को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक नामांकन पत्र दाखिल हुआ। प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए सिर्फ आदित्य साहू ने नामांकन पत्र दाखिल किया।

भास्कर में सबसे पहले

भास्कर ब्रेकिंग कल नामांकन, 14 को घोषणा

आदित्य साहू बनेंगे झारखंड भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष

12 जनवरी

प्रदेश चुनाव अधिकारी सह केंद्रीय मंत्री जुएल उरांव ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष के लिए एक और राष्ट्रीय परिषद की 21 सीटों के लिए 21 नामांकन पत्र मिले हैं। अब बुधवार को नामों की विधिवत घोषणा की जाएगी।

राष्ट्रीय परिषद के लिए अर्जुन, रघुवर, चंपाई के नाम

राष्ट्रीय परिषद की 21 सीट के लिए 21 नामांकन हुए। इसमें कड़िया मुंडा, अर्जुन मुंडा, रघुवर दास, चंपाई सोरेन, मधु कोड़ा, संजय सेठ, अन्नपूर्णा देवी, अभयकांत प्रसाद, यदुनाथ पांडेय, पशुपति नाथ सिंह, रवींद्र कुमार राय, दिनेशानंद गोस्वामी, दीपक प्रकाश, प्रदीप वर्मा, समीर उरांव, अनंत ओझा, गीता कोड़ा, अमर कुमार बाउरी, नीलकंठ सिंह मुंडा, भानु प्रताप शाही और जीतू चरण राम शामिल हैं।

वसूली के लिए मुखिया ने वार्ड सदस्य को पीटा

बगहा | एक भैरोगंज थाना के बांसगांव मंझरिया पंचायत में मुखिया और वार्ड सदस्य के बीच गंभीर टकराव सामने आया है। पंचायत के वार्ड नंबर- 11 के वार्ड सदस्य नन्हे साह ने मुखिया बृजेश राम पर मारपीट, गाली-गलौज, धमकी और वसूली का दबाव बनाने का आरोप लगाते हुए भैरोगंज थाना में एफआईआर दर्ज कराई है। मामला पीएम आवास योजना से जुड़ा बताया गया है। वार्ड सदस्य का आरोप है कि मुखिया पिछले चार दिनों से पीएम आवास योजना के लाभुकों से प्रति व्यक्ति दो हजार रुपये वसूली करने का दबाव बना रहे थे। विरोध करने पर मुखिया नाराज हो गए।

यूएसडीटी ट्रेडिंग में रुपए इन्वेस्ट करा ठग लिया 15.36 लाख रुपए

भास्कर न्यूज़ | मोतिहारी

साइबर बदमाशों ने यूएस ट्रेडिंग में रुपए इनवेस्ट करने के नाम पर एक युवक से 15.36 लाख रुपए ठग लिए। पहले फेसबुक पर फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजकर दोस्ती की। भरोसा में लेकर अधिक मुनाफा कमवाने के लिए यूएसटीटी ट्रेडिंग में पैसा लगाने का लालच दिया। लालच में आकर पैसा लगा दिया। पर जब लगा कि उसके साथ ठगी की जा रही है, तब तक काफी देर हो गई थी।

छतौनी थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़ा बरियारपुर निवासी नवनीत मणि से साइबर बदमाशों ने यूएसडीटी में पैसा इन्वेस्ट कराकर करीब 15.36 लाख रुपए ठग लिए। नवनीत ने पुलिस को बताया है कि उनके फेसबुक अकाउंट पर एक अंजान व्यक्ति ने फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजा। फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार करने के बाद उससे दोस्ती कर फेसबुक पर बातचीत शुरू की और लालच देकर फंसा लिया।

धनबाद इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में एडमिशन का मामला

हाईकोर्ट ने कहा-ट्रैफिक पुलिस की तरह छात्रों को फंसाया, अब सीबीआई करेगी जांच

भास्कर न्यूज़ | रांची

धनबाद इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (डीआईटी) में बीटेक इलेक्ट्रिकल में एडमिशन और परीक्षा बाधित रहने के मामले की सीबीआई जांच होगी। झारखंड हाईकोर्ट ने मंगलवार को यह आदेश दिया। कोर्ट ने ट्रैफिक पुलिस से तुलना करते हुए कहा कि जिस तरह पुलिस नो एंट्री एरिया में वाहन लगने पर अवैध वसूली करती है, इसी तरह यहां भी छात्रों को फंसाया गया। इससे छात्रों का शैक्षणिक अधिकार और भविष्य खतरे में पड़ गया। इसलिए सीबीआई झारखंड टेक्निकल यूनिवर्सिटी (जेयूटी) और अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) की भूमिका की जांच करे। जांच एजेंसी दो सप्ताह में रिपोर्ट दे। यह मामला शैक्षणिक सत्र 2025-26 का है।

वह सबकुछ जो आपके लिए जानना जरूरी है

क्या है पूरा मामला
- एआईसीटीई ने बीटेक इलेक्ट्रिकल ब्रांच में सीटें 60 से 120 बढ़ाईं।
- जेसीईसीईबी की प्रवेश प्रक्रिया के तहत 120 सीटों पर एडमिशन लिया।
- जेयूटी की एप्लीकेशन कमेटी ने कॉलेज के इंफ्रास्ट्रक्चर और संसाधनों की जांच की।
- कमेटी ने जांच में पाया कि 120 छात्रों के लिए डीआईटी में इंफ्रास्ट्रक्चर नहीं हैं।
- कमेटी ने सिर्फ 60 सीटों की मान्यता देने की सिफारिश की।

हाईकोर्ट ने क्या कहा
- छात्रों को वैध एडमिशन मिलने के बावजूद फंसाया गया।
- ट्रैफिक पुलिस जैसी पद्धति अपनाकर छात्रों को फंसाया गया, जिससे छात्रों का भविष्य खतरे में पड़ा।
- यह केवल प्रशासनिक लापरवाही नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार और छात्रों के अधिकारों का उल्लंघन है।
- जेयूटी और एआईसीटीई जांच में सीबीआई को पूरी तरह से सहयोग करे।
- सीबीआई दो सप्ताह में जांच कर कोर्ट में रिपोर्ट पेश करे।

इन बिंदुओं पर होगी जांच
- छात्रों को कैसे और किस प्रक्रिया में फंसाया गया।
- इसमें कौन-कौन शामिल था और किसने क्या भूमिका निभाई।

मथुरा में पत्नी की हत्या करने वाला मुठभेड़ में गिरफ्तार

भास्कर न्यूज़ | मथुरा

मथुरा में 15 दिन पहले हुई महिला की हत्या में फरार चल रहे पति और उसके दोस्त को मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया गया है। दोनों बाइक से जा रहे थे। मुखबिर से पुलिस को उनकी लोकेशन का पता चला। पुलिस ने इलाके की नाकेबंदी कर दी। पुलिस को देख दोस्त ने फायरिंग करके भागने का प्रयास किया। जवाब में पुलिस ने भी गोली चलाई। गोली दोस्त के पैर में लगी। वह लड़खड़ाकर गिर गया। पुलिस ने उसे पकड़ लिया। उसके पकड़े जाने के बाद महिला के पति ने सरेंडर कर दिया। पुलिस घायल युवक को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर उसका इलाज चल रहा है। वहीं पति से पूछताछ की जा रही है। अनीता, फतेहपुरा थाना बलदेव मथुरा की रहने वाली थी। उसकी लाश 28 दिसंबर को थाना रिफाइनरी क्षेत्र में रांची बांगर से करनावल जाने वाले रोड पर गेंहू के खेत में मिली थी। राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी।

अनीता के पति और आरोपी राकेश ने बताया- उसने अनीता की रिश्ते की एक बहन से दूसरी शादी कर ली थी। जिसकी वजह से अनीता और उसमें अक्सर झगड़ा होता था। अनीता उसे ताने मारती थी। जिसके बाद उसन अपने दोस्त ललित के साथ मिलकर अनीता की हत्या करने का प्लान बनाया।

D.A.V. COLLEGE, SECTOR-10, CHANDIGARH

Applications are invited to fill up **01 permanent post of Clerk** under Grant-in-Aid on prescribed form available on College website along with DD of Rs. 250/- in favour of **Principal, DAV College, Chandigarh** within 21 days from the date of advertisement. The candidates who have already applied in response to advertisement **dated 08-07-2019** are required to apply afresh without any fee.
For other relevant information such as qualification, eligibility and pay-scale, visit the college official website **https://www.davchd.ac.in**

Principal

एनसीएलटी कोलकाता में राज्य सरकार ने रखा पक्ष

सरकार ने कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल में कहा-सासामुसा चीनी मिल चलेगी

भास्कर न्यूज़ | गोपालगंज

सासामुसा चीनी मिल को बचाने के लिए राज्य सरकार ने नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल में अपना पक्ष रखा। बिहार सरकार के गन्ना विकास विभाग की ओर से अधिवक्ता ने कहा कि राज्य सरकार सासामुसा चीनी मिल चलाने के लिए प्रतिबद्ध है। नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल कोलकाता में हुई सुनवाई में विभाग ने कहा कि फैक्ट्री स्क्रैप में कटेगी नहीं। इसे पुनर्जीवित कर सरकार फिर से चलाने के लिए गंभीर है। इससे बिहार के गन्ना उत्पादक किसानों का भविष्य जुड़ा है। इलाके में युवाओं को इससे रोजगार भी मिलेगा। इधर, लिक्विडेटर को गन्ना विकास विभाग ने दो टूक कह दिया कि आप अपनी कार्रवाई को धीमी रखें। चीनी मिल को चलाने के लिए हाईलेवल कोशिश शुरू हो गई है।

जानें क्या है मामला

नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल कोलकाता ने सेंट्रल बैंक की अपील में सासामुसा चीनी मिल के स्क्रैप को 18.5 करोड़ में बेचने का टेंडर फाइनल कर दिया था। स्क्रैप खरीदने वाली कंपनी चीनी मिल के लोहा को बेचने के लिए अधिकृत की गई है। उसी आदेश पर पुनर्विचार करने के लिए सरकार की ओर से अपील दाखिल की गई है।

झांसी में रिश्वत लेते सीनियर क्लर्क अरेस्ट

झांसी | झांसी में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के सीनियर क्लर्क को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया है। सीनियर क्लर्क संतोष निरंजन पेंशन विभाग में तैनात है। एक रिटायर कर्मचारी से वह 20 हजार रुपए की घूस ले रहा था, तभी एंटी करप्शन टीम ने उसे दबोच लिया। जब एंटी करप्शन टीम संतोष को पकड़कर ले जाने लगी, तो उसने रुमाल से चेहरा ढंक लिया। पीड़ित की शिकायत पर एंटी करप्शन टीम ने पहले मामले की सच्चाई पता की। शिकायत सही पाए जाने पर टीम ने संतोष निरंजन को पकड़ने का जाल बिछाया। मौके से 20 हजार रुपए बरामद किए गए। एंटी करप्शन टीम सीनियर क्लर्क को पूछताछ के लिए शहर कोतवाली ले गई है। आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

हादसा : सप्लाई पैनल से जुड़ा मरम्मत कार्य चल रहा था, शॉर्ट सर्किट हुआ

पंडौल पावर ग्रिड में धमाका, इंजीनियर समेत चार कर्मचारी झुलसे... दो की हालत गंभीर

भास्कर न्यूज़ | पंडौल (मधुबनी)

मधुबनी जिले के सकरी थाना क्षेत्र स्थित पंडौल पावर ग्रिड में मंगलवार दोपहर हुए भीषण विस्फोट से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। दिन के लगभग चार बजे ग्रिड के बिजली आपूर्ति पैनल में अचानक ब्लास्ट हो गया जिसमें सहायक कार्यपालक अभियंता सहित चार कर्मचारी गंभीर रूप से झुलस गए।

हादसे में दो कर्मियों की हालत नाजुक बताई जा रही है, जिन्हें बेहतर इलाज के लिए पटना भेजा गया है। जानकारी के मुताबिक, पंडौल ग्रिड में उस समय सप्लाई पैनल से जुड़ा मरम्मत कार्य चल रहा था। इसी दौरान अचानक शॉर्ट सर्किट हुआ और पैनल में तेज धमाका हो गया। विस्फोट के बाद पैनल में मौजूद ज्वलनशील लिक्विड में आग लग गई जिससे वहां काम कर रहे चारों कर्मी उसकी चपेट में आ गए।

पुलिस और अन्य वरीय अधिकारी मौके पर पहुंचे

घटना में घायल कर्मियों की पहचान पूर्णिया निवासी अश्वनी कुमार (सहायक कार्यपालक अभियंता), खजौली निवासी सज्जन कुमार (ऑपरेटर), अंधरी निवासी गार्ड कमरुजमा और खजूरी निवासी गार्ड प्रमोद राय के रूप में हुई है। इनमें अश्वनी कुमार और सज्जन कुमार की स्थिति गंभीर बनी हुई है। हादसे की सूचना मिलते ही पंडौल और सकरी थाना की पुलिस टीम मौके पर पहुंची। जिला स्तर के कई वरिष्ठ विद्युत अधिकारी, जिनमें आपूर्ति कार्यपालक अभियंता मो. अरमान सहित अन्य अधिकारी ने मौके पर जा जायजा लिया।

भास्कर खास • विलंब से चलने वाली इन ट्रेनों को एक्सप्रेस में रूप में बदला जाएगा

मार्च से आनंद विहार, एनजेपी समेत 12 ट्रेनों का छिन जाएगा सुपरफास्ट का दर्जा, बन जाएंगी एक्सप्रेस

भास्कर न्यूज़ | मुजफ्फरपुर

मुजफ्फरपुर समेत उत्तर बिहार को सीमांचल और राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से जोड़ने वाली 12523/24 आनंद विहार- नई जलपाईगुड़ी समेत 12 सुपरफास्ट ट्रेनों का रुतबा घट जाएगा। ये ट्रेनें मार्च से एक्सप्रेस के रूप में चलेंगी। विलंब से चलने वाली 12 ट्रेनों का सुपरफास्ट का दर्जा छिनने जा रहा रहा है। एक्सप्रेस होने से यात्रियों को किराया कम चुकाना होगा, लेकिन यात्रा में अधिक समय लग सकता है। रेलवे ने 12 ट्रेनों के नंबर व श्रेणी में संशोधन का निर्णय लिया है। आदेश के तहत न्यू जलपाईगुड़ी- आनंद विहार टर्मिनल, अगरतला लोकमान्य तिलक टर्मिनल, सिलचर- तिरुवनंतपुरम, सिलचर-चर्लपल्ली व सिलचर-कोयंबटूर सहित अन्य सेवाओं के पुराने ट्रेन नंबर बदल कर नए नंबर तय किए गए हैं। 12523 न्यू जलपाईगुड़ी-आनंद विहार टर्मिनल 21 मार्च से 15725 के नंबर से चलेगी।

ट्रेनों का स्टेटस घटने से यात्री नाखुश

12 ट्रेनों से सुपरफास्ट का दर्जा छिन कर एक्सप्रेस ट्रेन के रूप में चलाने की घोषणा से यात्रियों में नाराजगी है। यात्रियों ने बताया कि सुपरफास्ट ट्रेनों को प्राथमिकता के आधार पर एक्सप्रेस, पैसेंजर व मालगाड़ी को रोककर पहले आगे बढ़ाया जाता है। अब ऐसी बात नहीं होगी। अब इन ट्रेनों को रोककर सुपरफास्ट ट्रेनों को आगे बढ़ाया जाएगा। इससे इन ट्रेनों में यात्रा करने वाले यात्रियों को यात्रा पर समय अधिक खर्च करना होगा। ट्रेनों को लगातार स्टेटस गिराने से यात्री सवाल उठा रहे हैं।

भास्कर इनसाइट

2025 में इन ट्रेनों से छिना था ये दर्जा
- ललितग्राम-नई दिल्ली वैशाली सुपरफास्ट एक्सप्रेस
- मुजफ्फरपुर-प्रयागराज बापूधाम सुपरफास्ट एक्सप्रेस
- बरौनी-जम्मूतवी मौर्यध्वज एक्सप्रेस

बोगी	नया	पुराना
स्लीपर	520 रु.	550 रु.
एसी थ्री	1395 रु.	1440 रु.
एसी टू	1995 रु.	2040 रु.
इकोनॉमी	1295 रु.	1340 रु.
एसी वन	3355 रु.	3430 रु.

(नोट : यह किराया मुजफ्फरपुर से आनंद विहार के लिए है।)

मिर्जापुर में बेटे ने सौतेली मां और भाई की हत्या की

लाश जलाने जा रहा था, रास्ते में पुलिस ने पकड़ा

मिर्जापुर | मिर्जापुर में सौतेले बेटे ने मां-भाई की बांके से गला काटकर हत्या कर दी। उसने मां का शव घर से 2 किलोमीटर दूर नहर में फेंक दिया। बाद में वह भाई की लाश को ट्रैक्टर-ट्रॉली पर लादकर जलाने जा रहा था, तभी बीच तिराहे पर शव ट्रॉली से नीचे गिर गया।

वहां मौजूद लोगों ने लाश देखकर ट्रैक्टर-ट्रॉली रुकवाई और आरोपी को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन वह ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर भाग निकला। लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने लोगों से पूछताछ के आधार पर आरोपी को ट्रेस किया।

बाद में आरोपी को ट्रैक्टर-ट्राली और हत्या में इस्तेमाल किए गए बांके के साथ पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने जुर्म कबूल कर लिया है। पुलिस टीम ने नहर से शव बरामद कर लिया है। पूरा मामला सोमवार देर रात जिला मुख्यालय से 30 किलोमीटर दूर का है। पूछताछ में राहुल ने बताया- हम अगल-बगल के मकानों में रहते हैं। मेरे पिता की संपत्ति मड़िहान के अलावा चंदौली में भी है। दूसरी पत्नी से राय मशविरा के बाद राहुल को करीब 10 साल पहले संपत्ति से बेदखल कर दिया गया था। फिर दो साल पहले पिता का निधन हो गया। इसके बाद मैंने कानूनी लड़ाई लड़ी और परिवार रजिस्टर में अपना नाम दर्ज कराया।

इंडियनऑयल

IndianOil

CIN : L23201MH1959GOI011388

(रिफाइनरी प्रभाग)

पानीपत रिफाइनरी और पेट्रोकेमिकल कॉम्पलेक्स

सीधा साक्षात्कार 20.01.2026, 21.01.2026 और 22.01.2026 को आयोजित किया जाना है।

क्रम सं.	विजिटिंग कन्सलटेंट्स/सुपर-स्पेशलिस्ट	अर्हता और अनुभव के वर्ष	प्रति सप्ताह विजिट की प्रस्तावित आवृत्ति	अपेक्षित पद संख्या
	कन्सलटेंट्स स्पेशलिस्ट:			
1	जनरल फिजिशियन	एमबीबीएस, एमडी/डीएनबी (सामान्य चिकित्सा), एमडी/डीएनबी के बाद 3 वर्ष का अनुभव।	सप्ताह में 6 दिन (प्रति विजिट 3 घंटे)	4
2	जनरल सर्जन	एमबीबीएस, एमएस/डीएनबी (सामान्य शल्य चिकित्सा) और प्लास्टिक सर्जरी में प्रमाणन, एमएस के बाद 03 वर्ष का अनुभव।	सप्ताह में 2 दिन (प्रति विजिट 3 घंटे)	2
3	प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ	एमबीबीएस, एमएस/डीएनबी (ओबीजी), एमएस/डीएनबी के बाद 03 वर्ष का अनुभव।	सप्ताह में 7 दिन (प्रति विजिट 3 घंटे)	4
4	बाल रोग विशेषज्ञ	एमबीबीएस, एमडी/डीएनबी (बाल रोग), एमडी/डीएनबी के बाद 3 वर्ष का अनुभव।	सप्ताह में 7 दिन (प्रति विजिट 3 घंटे)	6
5	नेत्र रोग विशेषज्ञ (आँख)	एमबीबीएस, एमएस/डीएनबी (नेत्र विज्ञान), एमएस/डीएनबी के बाद 03 वर्ष का अनुभव।	सप्ताह में 7 दिन (प्रति विजिट 3 घंटे)	4
6	नाक, कान, गला सर्जन	एमबीबीएस, एमएस/डीएनबी (ईएनटी), एमएस/डीएनबी के बाद 03 वर्ष का अनुभव।	सप्ताह में 3 दिन (प्रति विजिट 3 घंटे)	3
7	त्वचा विशेषज्ञ	एमबीबीएस, एमडी/डीएनबी (चर्म रोग), एमडी के बाद 3 वर्ष का अनुभव।	सप्ताह में 5 दिन (प्रति विजिट 3 घंटे)	4
8	मनोचिकित्सक	एमबीबीएस, एमडी/डीएनबी (मनोचिकित्सा), एमडी/डीएनबी के बाद 3 वर्ष का अनुभव।	सप्ताह में 2 दिन (प्रति विजिट 3 घंटे)	2
9	चेस्ट क्लिनिक के लिए चेस्ट फिजिशियन/पल्मोनोलॉजिस्ट	एमबीबीएस, एमडी/डीएनबी (रेस्पीरेट्री/पल्मनरी मेडसिन), एमडी के बाद 3 वर्ष का अनुभव।	सप्ताह में 3 दिन (प्रति विजिट 3 घंटे)	3
10	रेडियोलॉजिस्ट सह सोनोलॉजिस्ट	एमबीबीएस, एमडी/डीएनबी (रेडियोडॉयग्नोसिस), एमडी/डीएनबी के बाद 3 वर्ष का अनुभव।	सप्ताह में 7 दिन (प्रति विजिट 3 घंटे)	2
11	हड्डी शल्य चिकित्सक	एमबीबीएस, एमएस/डीएनबी (आर्थो), एमएस/डीएनबी के बाद 03 वर्ष का अनुभव।	सप्ताह में 7 दिन (प्रति विजिट 3 घंटे)	4
	कन्सलटेंट्स-सुपर-स्पेशलिस्ट:			
1	डायबिटीज क्लिनिक के लिए एंडोक्रिनोलॉजिस्ट	एमबीबीएस, एमडी/डीएनबी, डीएम (एंडोक्रिनोलॉजी), डीएम के बाद 03 वर्ष का अनुभव।	सप्ताह में 4 दिन (प्रति विजिट 3 घंटे)	2
2	कार्डियक क्लिनिक के लिए कार्डियोलॉजिस्ट	एमबीबीएस, एमडी/डीएनबी, डीएम (कार्डियालॉजी), डीएम के बाद 03 वर्ष का अनुभव।	सप्ताह में 6 दिन (प्रति विजिट 3 घंटे)	3
3	गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट	एमबीबीएस, एमडी/डीएनबी, डीएम (गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी), डीएम के बाद 03 वर्ष का अनुभव।	सप्ताह में 2 दिन (प्रति विजिट 3 घंटे)	2
4	न्यूरोलॉजिस्ट	एमबीबीएस, एमडी/डीएनबी, डीएम (न्यूरोलॉजी), डीएम के बाद 03 वर्ष का अनुभव।	सप्ताह में 2 दिन (प्रति विजिट 3 घंटे)	2
5	रुमेटोलॉजिस्ट	एमबीबीएस, एमडी/डीएनबी, डीएम (रुमेटोलॉजी), डीएम के बाद 03 वर्ष का अनुभव।	सप्ताह में 1 दिन (प्रति विजिट 3 घंटे)	1
6	नेफ्रोलॉजिस्ट	एमबीबीएस, एमडी/डीएनबी, डीएम नेफ्रोलॉजी), डीएम के बाद 03 वर्ष का अनुभव।	सप्ताह में 1 दिन (प्रति विजिट 3 घंटे)	1
	अन्य क्लीनिशियन:			
1	हैप्पीनेस क्लिनिक के लिए मनोवैज्ञानिक/मनोवैज्ञानिक परामर्शदाता	मनोविज्ञान में मास्टर और काउंसलिंग में डिप्लोमा, एमएससी के बाद 3 वर्ष का अनुभव।	सप्ताह में 4 दिन (प्रति विजिट 4 घंटे)	2
2	स्पीच थेरेपिस्ट	बीएससी (ऑनर्स) स्पीच एंड हियरिंग या ऑडियोलॉजी और स्पीच में स्नातक की डिग्री के साथ 3 साल का अनुभव या ऑडियोलॉजी और स्पीच में डिप्लोमा के साथ 5 साल का अनुभव।	सप्ताह में 7 दिन (प्रति विजिट 4 घंटे)	2
3	डाइटीशियन	किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से पोषण और आहार विज्ञान में स्नातकोत्तर डिप्लोमा, डिप्लोमा के बाद 5 वर्ष का अनुभव।	सप्ताह में 1 दिन (प्रति विजिट 3 घंटे)	1

कन्सलटेंट की सेवाएं केवल दो वर्ष के लिए अनुबंध के आधार पर हैं, और इच्छुक अंशकालिक कन्सलटेंट निर्धारित तिथि और समय के अनुसार वॉक-इन इंटरव्यू में भाग ले सकते हैं।

दिन	दिनांक	स्पेशलिस्ट/सुपर-स्पेशलिस्ट को साक्षात्कार हेतु उपस्थित होने की सलाह दी जाती है।
1	20.01.2026	प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ, बाल रोग विशेषज्ञ, ईएनटी, ऑप्थल्मोलॉजी, रेडियोलॉजिस्ट (सोनोलॉजिस्ट), न्यूरोलॉजिस्ट, रुमेटोलॉजिस्ट, नेफ्रोलॉजिस्ट
2	21.01.2026	एंडोक्रिनोलॉजिस्ट, कार्डियोलॉजिस्ट, गैस्ट्रोएंटरोलॉजिस्ट, ऑर्थोपेडिक, चेस्ट फिजिशियन, डर्मेटोलॉजी
3	22.01.2026	जनरल फिजिशियन, जनरल सर्जन, मनोचिकित्सक, मनोवैज्ञानिक/मनोवैज्ञानिक परामर्शदाता, स्पीच थेरेपिस्ट, डाइटीशियन।

उपरोक्त वर्णित सभी तीन दिनों के लिए प्रति दिन का समयः 09.00 बजे से 17.00 बजे तक
स्थानः रिफाइनरी गेस्ट हाउस, पानीपत रिफाइनरी टाउनशिप, आईओसीएल, पीआरपीसी टाउनशिप, पानीपत, हरियाणा।

सामान्य अनुदेश और पात्रता मानदंड
- अधिकतम आयु सीमाः विनियोजन के लिए ऊपरी आयु सीमा 01.01.2026 को 65 वर्ष से अधिक नहीं होगी।
- साक्षात्कार के लिए अपेक्षित दस्तावेजः साक्षात्कार में उपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों को सत्यापन हेतु **सभी मूल दस्तावेजों** के साथ **दो पासपोर्ट साइज फोटो एवं स्व-प्रमाणित (सेल्फ-अटेस्टेड) छायाप्रतियों का एक सेट** साथ लाना अनिवार्य है। इन दस्तावेजों में निम्नलिखित शामिल हैं, परंतु ये सीमित नहीं हैं:- • पहचान का प्रमाण, • पते का प्रमाण, • आयु प्रमाण, • योग्यता का प्रमाण, • अर्हता-उपरांत कार्यानुभव अपेक्षित दस्तावेज प्रस्तुत करने में विफलता से उम्मीदवारी अस्वीकार कर दी जायेगी।
- **अस्वीकृति का अधिकारः** यदि उम्मीदवार सत्यापन के समय मूल वांछनीय दस्तावेज प्रस्तुत करने में असफल रहता है तो नियंत्रक/प्रबंधन के पास उम्मीदवारी अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार है।
- **चयन प्रक्रियाः** चिकित्सकों का चयन पूर्णतः **आईओसीएल के नियमों और विनियमों** के अनुरूप किया जायेगा। आईओसीएल के पास साक्षात्कार के लिए उपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों के चयन के संबंध में **अंतिम निर्णय** लेने का अधिकार सुरक्षित है।

रेडियोलॉजिस्ट और कार्डियालॉजिस्ट के लिए अतिरिक्त मानदंड (यूएसजी और ईको क्लीनिक)
- अभ्यर्थियों के पास चयन प्रक्रिया के समय **पानीपत रिफाइनरी अस्पताल में अल्ट्रासाउंड और/या ईकोकार्डियोग्राफी जांचें** संचालित करने के लिए अपेक्षित सभी **अनिवार्य प्रमाण-पत्र, स्वीकृतियां, और दस्तावेज** अवश्य होने चाहिए।
- अभ्यर्थियों के पास **साक्षात्कार के समय**, वैधानिक नियमों के तहत यथा लागू, **पीसी/पीएनडीटी कार्यालय (सिविल सर्जन, पानीपत)** को प्रस्तुत करने के लिए अपेक्षित दस्तावेज अवश्य होने चाहिए।